छात्राओं ने भाग लिया था।

विद्यार्थियों को स्कालर बैज दिया

दसवीं कक्षा के प्रतिभावान विद्यार्थियों के स्कालर बैज समारोह में स्कूल की निदेशक प्राचार्य अदिति मिश्रा के साथ दसवीं कक्षा के विद्यार्थी • सौ :स्कूल प्रबंधन

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम : दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेक्टर 45 के सभागार में कक्षा 10 के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए ब्लू बैज समारोह हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्र गीत और स्कूल गान के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए वर्तमान चुनौतियों पर एक लघु नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। स्कूल की निदेशक प्राचार्य अदिति मिश्रा ने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में सफलता के लिए विद्यार्थियों की सराहना की तथा अभिभावकों से बच्चों के बेहतर विकास पर ध्यान देने को कहा। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को ब्लू बैज देकर सम्मानित किया। संजना श्याम सुंदर के 99 .2 प्रतिशत, दीक्षा पाहुजा के 98 .8 प्रतिशत और अंशुल चौधरी के 98 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने के लिए विशेष सम्मान दिया गया। वाइस प्रिंसिपल अर्पणा गुप्ता ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।